पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2023–24 का किया शुभारंभ

राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों व बच्चों हेतु हर वर्ष आयोजित होती है खेल कूद प्रतियोगिता

आगामी 14 जनवरी तक जारी रहेगी खेल प्रतियोगिता

वर्ष 2024 में हमारा लक्ष्य ऊंचा होना चाहिए

खेल मानव कल्याण व सर्व कल्याण के लिए होना चाहिए

पूर्वजों द्वारा प्रदत्त ज्ञान समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचे

खेलने से मन प्रफुल्लित और मस्तिष्क का विकास होता है
–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 31 दिसम्बर, 2023

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन के बड़े लॉन में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यासितों व बच्चों हेतु आयोजित परंपरागत खेल प्रतियोगिता 2023–24 का शुभारंभ किया। बच्चों के साथ गुब्बारे छोड़कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल जी ने सभी प्रतिभागियों को नववर्ष 2024 की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि वर्ष 2024 में हमारा लक्ष्य ऊंचा होना चाहिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि अभिभावक के कार्यों का प्रभाव उनके बच्चों पर पड़ता है। बच्चे खेल के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि खेल मानव कल्याण व सर्व कल्याण के लिए होना चाहिए, यह सीख हमें हमारे पूर्वजों और ऋषि मुनियों ने दी है, जो घने जंगलों में बैठकर ज्ञान प्राप्ति में लीन रहते थे। उन्होंने कहा कि पूर्वजों द्वारा प्राप्त ज्ञान समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

राज्यपाल जी ने राजभवन को जन भवन बताते हुए कहा कि यह आमजनों कि लिए खुला होना चाहिए। उन्होंने खेल में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलने से मन प्रफुल्लित होता है और मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने इस क्रम में स्वस्थ शरीर हेतु स्वस्थ खान–पान की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा राजभवन के अध्यासित बच्चों को पूर्व में खेल क्षेत्र में हासिल हुई उपलब्धियों पर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिता का आनंद उठाएं। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने उपस्थित बच्चों सह उनके परिजनों को कार्यक्रम में सक्रिय सहभाग हेतु धन्यवाद अर्पित किया।

इस अवसर पर विशेष सचिव श्री राज्यपाल श्री बी0एन0 सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक शक्ति के साथ साथ मानसिक संबल प्रदान करता है। उन्होंने भारतीय परंपरागत खेल को कम खर्चीला बताते हुए बढ़ावा दिये जाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल साहस, निष्ठा एवं समर्पण का संचार करेगी।

ज्ञातव्य है कि राजभवन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुल 21 खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खो–खो, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, रस्सा कसी, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, जूडो, कलर बॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ (100 मी0/50 मी0), लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिलिंग, वालीबॉल, लट्टू तथा रस्सी कूद प्रतियोगिता शामिल है। इन खेलों में कुल 509 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें 358 पुरूष, 57 बालक तथा 94 प्रतिभागी महिला एवं बेटियां हैं। प्रतियोगिता के प्रथम दिन दौड़ (100मी0/50मी0), कलर बॉल, बोरा दौड़, रस्सा कसी का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने हर्ष एवं उल्लास के साथ हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता आगामी 14 जनवरी तक चलेगी।

कार्यक्रम में मंच संचालन विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जानी व खेल प्रतियोगिता का संचालन श्री जमाल सिद्दीकी द्वारा किया गया।

आज के इस शुभारम्भ समारोह में राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में बच्चे व उनके परिजन उपस्थित थे।

कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250